कार्य-पत्र

निर्धारित समय : 35 मिनट | **पूर्णांक : 32**

नाम : .... कक्षा : .... अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) सर्वनाम किसे कहते हैं? संज्ञा तथा सर्वनाम का अंतर उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 2

....

....

....

(ख) सर्वनाम के भेद लिखिए तथा प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दीजिए। 4

....

....

....

....

....

2. सही कथन पर ✓ तथा गलत कथन पर ✗ का निशान लगाइए– 1×5=5

(*i*) संज्ञा तथा सर्वनाम का प्रकार्य अलग-अलग है। ☐

(*ii*) हिंदी में सर्वनाम लिंग के अनुसार परिवर्तित नहीं होते। ☐

(*iii*) 'यह' सर्वनाम निश्चयवाचक सर्वनाम का उदाहरण है। ☐

(*iv*) 'जो' सर्वनाम निजवाचक सर्वनाम का उदाहरण है। ☐

(*v*) 'आप', 'तुम', 'वे' तथा 'हम' सर्वनामों का बहुवचन में प्रयोग 'लोग' शब्द लगाकर होता है। ☐

3. निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम छाँटिए तथा उनका भेद भी लिखिए– 1×6=6

(*i*) कोई बाहर खड़ा है। ....

(*ii*) इस घर में कौन रहता है? ....

(*iii*) वे दोनों आजकल किसी से बात नहीं करतीं। ....

(*iv*) इनमें से तुम्हें कौन-सी साड़ी चाहिए। ....

(*v*) हम लोग वहाँ मिलकर जाएँगे। ....

(*vi*) मेरी बेटी ने मुझे कार दी है। ....

4. रेखांकित सर्वनामों के भेद बताइए– 1×6=6

(*i*) पिता जी, <u>आप</u> किससे बात कर रहे थे? ....

(*ii*) <u>मुझे</u> एक साइकिल चाहिए। ....

(*iii*) कमरे में <u>कोई</u> बैठा है। ....

(*iv*) मेरे साथ <u>कौन</u> चलना चाहता है? ....

(*v*) <u>जो</u> काम करेगा, उसे ही नौकरी मिलेगी। ....

(*vi*) मैं <u>खुद</u> अपना खाना बनाता हूँ। ....

5. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 1×5=5

(*i*) वह अपना काम .... करता है। (निजवाचक सर्वनाम)

(*ii*) यह वही लड़की है .... कभी झूठ नहीं बोलती। (संबंधवाचक सर्वनाम)

(*iii*) दरवाज़े के बाहर .... घंटी बजा रहा है। (अनिश्चयवाचक सर्वनाम)

(*iv*) (किताब की ओर इशारा करते हुए) .... कौन लाया है? (निश्चयवाचक, एकवचन)

(*v*) इस साल .... लंदन जाएँगे। (अन्य पुरुष, बहुवचन)

6. मिलान कीजिए– ½×8=4

वर्ग (क)	**वर्ग (ख)**
(*i*) मध्यम पुरुष आदरसूचक सर्वनाम	(क) जो
(*ii*) उत्तम पुरुष एकवचन सर्वनाम	(ख) वह
(*iii*) निजवाचक सर्वनाम	(ग) कोई
(*iv*) निश्चयवाचक सर्वनाम	(घ) कौन
(*v*) अन्य पुरुष एकवचन	(ङ) यह
(*vi*) प्रश्नवाचक सर्वनाम	(च) अपने-आप
(*vii*) अनिश्चयवाचक सर्वनाम	(छ) आप
(*viii*) संबंधवाचक सर्वनाम	(ज) मैं

अध्यापक/अध्यापिका के हस्ताक्षर : ....